DISTRICT INSTITUTE OF EDUCATION AND TRAINING THIRUVANANTHAPURAM

EVALUATION TOOL FOR CLASS X - 2022 FEBRUARY

HINDI

Time : 1 1/2 Hr + **Maximum Score: 40**

सामान्य निर्देश

- पहले 20 मिनिट का समय प्रश्नों का वाचन करने और उत्तर लिखने की तैयारी के लिए है ।
- सूचनाओं को ध्यान से पढ़ें और उत्तर लिखें।

PART I

A. सूचना: 1 से 6 तक के प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें। **(4 x 1 = 4)**

1. 'बीरबहूटी ' कहानी का मुख्य विषय क्या है?

(जातिप्रथा, दोस्ती, बालश्रम, असमानता)

2. 'ठाकुर का कुआँ ' किसकी रचना है?

(प्रभात, मिहिर, प्रेमचंद, नागार्जुन)

3. 'दुस्साहसी अभिमन्यु ' इसमें विशेषण शब्द कौन -सा है?

4. 'इनकी ' - में प्रयुक्त सर्वनाम कौन -सा है?

5. कोष्ठक के शब्दों से वाक्य की पूर्ति करें ।

बेला बीरबहूटियाँ .... ।

(खोजने लगा, खोजने लगी, खोजनी लगी, खोजनी लगीं)

6. कलाम ने प्रण किया ।('प्रण ' के बदले 'प्रतिज्ञा ' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें ।)

.

B. सूचना : 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें। **(3 x 1 = 3)**

7. फूलदेई का त्योहार कब मनाया जाता है?

(जेठ, शिशिर, हेमंत, वसंत)

8. 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' - कविता का संदेश क्या है?

9. **मैं** एक लंबी यात्रा करूँगा।(**' मैं** ' के बदले '**हम** 'का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें ।)

PART II

A. सूचना : प्रश्न पढ़ें और उत्तर लिखें। **(1 x 2 = 2)**

10. कोष्ठक के शब्दों की सहायता से पिरामिड की पूर्ति करें।

(रुमाल लेकर, चार्ली)



B. सूचना : 11 से 12 तक के प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें। **(1 x 2 = 2)**

11. ' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था ' - टिप्पणी में 'जानना' शब्द का असली अर्थ क्या है?

12. ' बाकी लड़कियों की तरह तू भी किसी और की अमानत है '- गुठली की बुआ की इस बात पर आपकी राय क्या है?

PART III

A. सूचना : 13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें। **(3 x 3 = 9)**

13. नमूना पढ़ें और कोष्ठक के शब्दों की सहायता से खंभा भरें।

(लघुमानव, समस्या, अधर्म का विरोधी, महाशक्ति)

ब्रह्मास्त्र	महाशक्ति
अभिमन्यु	
टूटा पहिया	
चक्रव्यूह	

14. सूचनाओं की सहायता से गंगी के चरित्र पर **टिप्पणी** लिखें।

- ठाकुर का कुआँ कहानी का मुख्य पात्र
- पति के स्वास्थ्य पर ध्यान देनेवाली
- जातीयता के विरुद्ध आवाज़ उठानेवाली
- सामाजिक समता चाहनेवाली

15. 'आई एम कलाम के बहाने' पाठ में छोटू का सपना क्या था? सपना कैसे साकार हो गया?

16. सही प्रस्तावों को चुनकर लिखें।

- छुट्टी का दिन मोरपाल के लिए अच्छा दिन होता था।
- शादी में भी मोरपाल यूनिफॉर्म पहनकर आता था।
- बेला और साहिल के बीच दोस्ती नहीं थी।
- बेला और साहिल स्याही भरवाने दुकान गये।
- गाते-गाते चार्ली की माँ की आवाज़ फट गयी।

B. सूचना : प्रश्न पढ़कर उत्तर लिखें। **(1 x 3 = 3)**

17. ' दिशाहीन दिशा ' पाठ के आधार पर आशय का सही मिलान करें।

भोपाल स्टेशन पर	झील की सैर करते रहे।
अब्दुल जब्बार	अविनाश मोहन राकेश से मिलने आया।
पूरी रात गज़लें सुनते हुए	भोपाल ताल में नाव खेता था।

PART IV

A. सूचना : 18 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> के उत्तर लिखें। **(2 x 4 = 8)**

18. कवि और कविता का परिचय देकर कवितांश का आशय लिखें।

कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।

19. ' बीरबहूटी ' कहानी के इस अंश के लिए **पटकथा का एक दृश्य** तैयार करें।

पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया। दोनों छठी में आ गए। यह स्कूल पाँचवीं तक ही था।
"साहिल अब तुम कहाँ पढ़ोगे ?" बेला ने पूछा।
"और तुम कहाँ पढ़ोगी बेला ?" साहिल ने पूछा।

20. “सबसे बड़ा शो मैन" पाठ का यह अंश पढ़ें। इस प्रसंग के आधार पर चार्ली की माँ की **डायरी** कल्पना करके लिखें।

> अंत में माँ जब उसे लेने आई तो दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाईं। कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की।

B. सूचना : 21 से 22 तक के प्रश्नों में से किसी <u>एक</u> का उत्तर लिखें। **(1 x 4 = 4)**

21. नीचे दिए संकेतों की सहायता से **रपट** तैयार करें।

- उत्तराखंड का बड़ा त्योहार
- वसंत के मौसम में
- फूलों से देहरियों पर सजाना
- सामूहिक भोज

22. जून 12 'विश्व बालश्रम निषेध दिवस' है। इस अवसर पर आपके स्कूल में बालश्रम के विरुद्ध एक संगोष्ठी का आयोजन चलानेवाला है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें।

PART V

A. सूचना : 23 से 24 तक के प्रश्नों में से किसी <u>एक</u> का उत्तर लिखें। **(1 x 5= 5)**

23. संकेतों की सहायता से **लघु लेख** तैयार करें।

- जातीयता- एक अभिशाप
- जातीयता - सामाजिक विपत्ति
- जाति के नाम पर अत्याचार
- जातिप्रथा को दूर रखना
- समभाव बनाए रखना

24. ' आई एम कलाम के बहाने ' फिल्मी लेख का यह अंश पढ़ें।

> हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की आदला-बदली का। यानी मेरे टिफ़िन के राजमा-चावल उसके और उसके घर से आया बड़ा-सा छाछ का डिब्बा मेरा।

इस प्रसंग पर मिहिर अपने मित्र के नाम पत्र लिखता है। वह **पत्र** कल्पना करके लिखें।